वर्ष-01, अंक- 191

छपरा

14 मई मंगलवार 2024

पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live


# पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी तो हम पहना देंगे

## मुजफ्फरपुर में मोदी ने पूछा-डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या; हाजीपुर-छपरा में भी सभा की

**हाजीपुर/मुजफ्फरपुर/छपरा ,एजेन्सी।** बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा के सारण में सभा की। हाजीपुर में पीएम ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और RJD वाले सरकार चलाते थे तब ईडी ने 10 साल में 35 लाख जब्त किए थे। हमने हमारी सरकार में 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए जब्त किए हैं। जिसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे।

हाजीपुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां चिराग के लिए वोट मांगने नहीं आया हूं। वो तो जीतने ही वाला है। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान जी को जितने वोट मिले थे उससे ज्यादा वोट चिराग के लिए चाहिए। उनसे ज्यादा वोट मिलेंगे तभी रामविलास जी की आत्म को शांति मिलेगी।






### इंडी वालों को वोट दिया तो बेकार हो जाएगा

उन्होंने कहा कि एनडीएन को दिया आपका एक वोट केंद्र में मोदी की सरकार बनाएगा। इंडी वालों का बटन दबाया तो बेकार जाएगा। अपना वोट देश बनाने के लिए दीजिए। पीएम ने कहा कि हमारा ट्रैक रिकॉर्ड तो आपको पता ही होगा। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड के भ्रष्टाचारियों को सजा देना। गरीब के पैसों की लूट मुझे सोने नहीं देती। इंडी अलायंस का हर दल राम मंदिर के लिए अजीब-अजीब बातें कर रहा है। राम मंदिर का बहिष्कार कर के ये लोग आपको चिढ़ा रहे हैं। ऐसे लोगों को आप माफ करेंगे क्या।

**पीएम ने बताया चिराग क्यों पसंद है :** चिराग मुझे इसलिए पसंद है क्योंकि उनके व्यवहार में रामविलास जी के बेटे होने के गुरूर का नामोनिशान नहीं था। मैं चिराग को अपने बेटे की तरह देखता हूं। इस बच्चे में सीखने और जानने की ललक है।

**बिहार को पलायन और तबाही दी :** पीएम ने कहा कि RJD के राज में सिर्फ अपहरण उद्योग ही फल-फूल रहा था। कांग्रेस और इन लोगों ने बिहार को सिर्फ पलायन और तबाही दी। पीएम ने कहा कि लालटेन वालों ने बिहार में अंधेरगर्दी फैलाई है। जंगलराज दिया है। ऋछ्ष्ठ हो या कांग्रेस दोनों पार्टियों ने तुष्टिकरण को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया है।

# तेजप्रताप ने कार्यकर्ता को धक्का दिया...मीसा-राबड़ी ने किया बचाव


## गुस्से में वापस दौड़कर गए; पटना में बड़ी बेटी के नामांकन में पहुंचा था लालू परिवार

**पटना,एजेन्सी।** राजद सुप्रीमो लालू यादव की बेटी मीसा भारती के नामांकन में तेजप्रताप यादव को एक कार्यकर्ता पर गुस्सा आ गया। उन्होंने भरे मंच से उसे धक्का दे दिया। वो नीचे गिर गया। मीसा ने तेजप्रताप को समझाने की कोशिश, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद राबड़ी और मीसा मंच पर सामने आ गए और लोगों का ध्यान अपनी ओर करने लगे। तेजप्रताप फिर नहीं माने वे कार्यकर्ता की ओर गुस्से में दौड़े। मंच पर मौजूद नेताओं ने उन्हें रोका। इसके बाद तेजप्रताप और उस कार्यकर्ता को नेता घेरकर खड़े हो गए। कार्यकर्ता का नाम कमल देव प्रसाद उर्फ के डी यादव है। गलती से उसका पैर तेजप्रताप के पैर पर चढ़ गया। इसके बाद उन्हें गुस्सा आ गया और धक्का दे दिया। मीसा के नॉमिनेशन के बाद पटना के एसकेएम हॉल में सभा हो रही थी, जहां ये वाकया हुआ।



# बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी नहीं रहे.....

### 72 साल की उम्र में दिल्ली में अंतिम सांस ली, गले के कैंसर से पीड़ित थे




**पटना,एजेन्सी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी का सोमवार शाम को दिल्ली के एम्स में निधन हो गया। वह 72 साल के थे। गले के कैंसर से पीड़ित थे। 3 महीने पहले गले में दर्द की शिकायत पर जांच कराई तो कैंसर का पता चला था। इसके बाद दिल्ली एम्स में उनका इलाज चल रहा था।

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी अब हमारे बीच नहीं रहे।

सुशील राज्यसभा से सांसद थे। इससे पहले वे बिहार कैबिनेट में उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने कैंसर की जानकारी खुद 3 अप्रैल को सोशल मीडिया पर दी थी। लिखा था, पिछले 6 महीने से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, लालू प्रसाद यादव समेत कई नेताओं ने सुशील मोदी के निधन पर दुख जताया है।

### पीएम बोले- बिहार में भाजपा के उत्थान में उनका अमूल्य योगदान रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुशील मोदी के निधन पर शोक व्यक्ति करते हुए ङ्ग पर लिखा कि बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। जीएसटी पारित होने में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। ओम शांति!

### नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम रहे सुशील मोदी

सुशील मोदी 2005 से 2013 और 2017 से 2020 तक बिहार के वित्त मंत्री रह चुके हैं। वो नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम भी रह चुके हैं। 2005 के बिहार चुनाव में NDA सत्ता में आई और मोदी को बिहार भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। बाद में उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और बिहार के उपमुख्यमंत्री का पद संभाला। 2010 के बिहार चुनाव में NDA की जीत के बाद वह बिहार के उपमुख्यमंत्री बने रहे।

# मुंबई में होर्डिंग्स गिरने से 9 की मौत,70 जख्मी

### 78 को बचाया; आंधी-बारिश में 100 फीट ऊंचा बिलबोर्ड पेट्रोल पंप पर गिरा

**नई दिल्ली/मुंबई,एजेन्सी।** मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हुई। अंधेरा छा गया। आंधी से घाटकोपर के पेट्रोल पंप पर 100 फीट ऊंचा बिलबोर्ड गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 70 से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। इस बिलबोर्ड का वजन 250 टन बताया जा रहा है।

NDRF के मुताबिक, बिलबोर्ड गिरने से फंसे 78 लोगों का रेस्क्यू किया गया। बचाव का जिम्मा NDRF की टीम ने संभाला। रेस्क्यू ऑपरेशन में 67 लोगों की टीम को लगाया गया।

घाटकोपर में बिलबोर्ड गिरने के मामले में इसके मालिक भावेश भिड़े पर IPC की चार धाराओं में पंतनगर थाने में केस दर्ज किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है



कि इस बिलबोर्ड के खिलाफ अगस्त 2023 में सरकारी एजेंसीज, बीएमसी और गवर्नमेंट रेलवे पुलिस में शिकायत की गई थी। किसी ने एक्शन नहीं लिया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बिलबोर्ड के खिलाफ अगस्त 2023 में सरकारी एजेंसीज, बीएमसी और गवर्नमेंट रेलवे पुलिस में शिकायत की गई थी। किसी ने एक्शन नहीं लिया।

वहीं, मौसम में आए बदलाव का मुंबई एयरपोर्ट के ऑपरेशन पर असर पड़ा। 15 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ का समय बदल गया। मेट्रो, लोकल रेल सर्विस भी प्रभावित हुई। हालांकि, दो घंटे बाद फिर से सेवाएं शुरू हो गईं।

### नौ लोगों के विरुद्ध सीसीए वाद पारित, आदेश के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**सिवान ¬**लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रुप से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नौ बदमाशों व संदिग्ध लोगों के विरुद्ध सीसीए वाद पारित किया गया है। साथ ही सभी को आदेशित किया गया है कि वे छह जून तक प्रतिदिन आदेश में निर्धारित थाने में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। साथ ही उपस्थिति पंजी में न्यूनतम दूरी का आने-जाने का बस/ट्रेन/मोटरसाईकिल रूट भी दर्ज करेंगे। जिला दंडाधिकारी सह जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया है कि सीसीए की धारा चार के तहत मतदान तिथि 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर, जहां वे मतदाता के रूप में निबंधित हैं, वहां मतदान करने हेतु स्वतंत्र हैं।

### मदर्स डे पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**महाराजगंज (सिवान) ¬**शहर स्थित उमाशंकर चंपा देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को मदर्स डे मनाया गया। इस मौके पर बच्चों ने भावनृत्य, कविता सुनाकर मां के प्रति अपना आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्राचार्य विजय कुमार साहू ने मां और बच्चे के अद्भुत एवं गहरे रिश्ते पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हमारे जीवन में मां का कितना महत्वपूर्ण स्थान होता है। मां ही जीवन का आधार है, मां के बिना दुनिया अधूरी है। मां वह शब्द है जो एक बच्चा सबसे पहले सीखता है। मां सिर्फ हमें जन्म ही नहीं देती है वह हमें कर्म से लेकर धर्म तक की शिक्षा देती है। अगर मां शिक्षा ना दे तो हमारे जीवन का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता है। मां हमारा पालन-पोषण करके हमें सक्षम बनाती है, हमारे शरीर को इतना बल प्रदान करती है जिसके जरिए हम अपने भविष्य को संवारने में सक्षम हो पाते हैं।




# आज पूरी दुनिया में है भारत की साख व धाक: नरेन्द्र

## वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार हैं






**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** छपरा शहर स्थित हवाई अड्डा मैदान में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने राजद व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी भाषा में की। इस दौरान भाषण की शुरुआत में ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अम्बिका भवानी व बाबा हरिहर नाथ को प्रणाम करके अपने संबोधन की शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण, भिखारी ठाकुर की भूमि को नमन किया। इसके बाद छपरा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की साख व धाक पूरी दुनिया में है। हमने चन्द्रमा पर तिरंगा फहराया है। चन्द्रमा पर भी शिवशक्ति नाम रख दिया।आपकी दी हुई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभा रहा हूं।पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए के विकास के सामने कांग्रेस का कोई मुकाबला नहीं है।कांग्रेस के साठ साल के मुकाबले मोदी सरकार ने दस सालों में उससे अधिक काम किया हैं।आरजेडी-कांग्रेस के लोग लोगों को बुड़बक समझती है। यह पब्लिक है सब जानती है।

**कांग्रेस ने दशकों तक गरीब का पेट नहीं भरने दिया :** कांग्रेस सरकार ने इतने दशकों तक गरीब का पेट नहीं भरने दिया।गरीब और गरीब होता जा रहा था, देश की अर्थव्यवस्था बदहाल होती जा रही थी और सरकार में बैठे लोग बिना शर्म कहते थे कि हमारे पास जादू की छड़ी है क्या। ये घोटाले करके अपनी तिजोरियां भर रहे थे, लेकिन गरीब का पेट भरने की चिंता उन्हें नहीं थी।हमारी सरकार ने 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दिया। मोदी की गारंटी है कि गरीबों को घर मिला। अगर किसी गरीब के पास घर न हो तो बताइए। घर में शौचालय, नहीं हो तो भी बताइये। गैस कनेक्शन नहीं हो तो डिटेल भेजिए। मेरे लिए जनता ही मोदी है।अगले 5 वर्षों में गरीबों के लिए 3 करोड़ घर बनाएंगे। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आप अपने परिवारजनों की बीमारी की चिंता मत कीजिए। दिल्ली में उनका बेटा बैठा है. पीएम ने कहा कि अपने काम पर वोट मांगे।

**मैं जंगलराज वालों से कहूंगा कि नीतीश जी के काम पर वोट मांगना छोड़ दीजिए :** बिहार में जंगलराज लाने वालों के रिपोर्ट कार्ड में अपराध और घोटाले हुए हैं। पीएम मोदी ने आरजेडी पर हमला बोलते हुए कहा कि फर्स्ट टाइम वोटर अपने बुजुर्गों से पूछे कि जंगलराज में कैसे हालात थे। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने योजना बनाई कि अगर उनकी सरकार बनती है तो 5 साल में 5 प्रधानमंत्री होंगे. आप ही बताइये ऐसे में देश का भला होगा क्या ? आरजेडी वाले नीतीश कुमार के कार्य को बता वोट मांग रहे हैं। इन्हें अपने समय के अपराध, हत्या, लूट वाले जंगलराज के कारनामे को लेकर वोट मांगना चाहिए।

### राजद पिछड़ों से विश्वासघात करने वाली सबसे बड़ी पार्टी

पीएम मोदी ने कहा कि आरजेडी-कांग्रेस तुष्टिकरण के रास्ते पर है। पूरा आरक्षण मुसलमानों को देने की बात कर आरजेडी पिछड़ों की दुश्मन बन गयी है. मोदी दलितों-पिछड़ों के आरक्षण की लूट नहीं होने देगा। समाज के अन्य वर्गों के गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण देंगे। कांग्रेस और आरजेडी तुष्टिकरण की गुलाम है. वहीं पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की नजर आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस कहती है कि आपकी संपत्ति पर मुस्लिमों का हक है। विरासत कर के सामने मोदी चट्टान बन कर खड़ा है.उन्होंने कहा कि आप लोगों ने एक सेवक चुना है जो 24 घंटे आपकी सेवा में है। आज लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 70 साल के लोगों के इलाज के लिए अब देशवासियों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उनकी सेवा करने के लिए दिल्ली में उनका बेटा बैठा हुआ है। राजद अपने काम के नाम पर वोट मांगे। मोदी ने बिहार में जंगल राज अपहरण, फिरौती को राजद का रिपोर्ट कार्ड बताया।

### भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील

सारण संसदीय सीट से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उनके पक्ष में मतदान करने की सारण वासियों से अपील की ।पीएम मोदी ने कहा कि राजीव प्रताप रूडी सुख-दुख के साथी हैं. ज्यादा से ज्यादा मतदान कीजिए. पहले मतदान फिर जलपान. वहीं पीएम मोदी ने लोगों को टास्क देते हुए कहा कि घर-घर जाकर लोगो से बोलिए. पीएम मोदी ने बोला है जय श्रीराम. प्रधानमंत्री के संबोधन के पूर्व स्थनीय सांसद व भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूडी ने स्वागत भाषण किया। इस दौरान श्री रूडी ने कहा कि जिस परिवार वाद के खिलाफ बिहार और देश लड़ता है, उससे मैं सारण में तीस वर्षो से चुनाव लड़ता आ रहा है, पहले पति- पत्नी मुख्यमंत्रियों से और अब उनके बेटा बेटियों से। मंच पर पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## शुरू हुआ बीएयू शस्य विज्ञान के नवनियुक्त शिक्षकों का ओरिएंटेशन प्रोग्राम

**भागलपुर, एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के शस्य विज्ञान विभाग में नए-नए तैनात हुए सहायक प्राध्यापकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम (अनुस्थापन कार्यक्रम) का आगाज हो गया। कार्यक्रम के शुरूआत में विभाग के हेड डॉ. एसके पाठक, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. अंशुमान कोहली ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया तो मुख्य अतिथि निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आरके सोहाने, बतौर विशिष्ट अतिथि शस्यविद् डॉ. यशवीर शिवाय, आईएआर नई दिल्ली के कुल सचिव डॉ. मिनाजुल हक ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रशिक्षण के तहत डॉ. मिनाजुल हक ने प्रशिक्षु शिक्षकों को कुशल शिक्षक, गुणकारी अनुसंधानकर्ता बनने का गुर सिखाया। डॉ. यशवीर सिवाय ने नवनियुक्त प्राध्यापको को अपने संस्थान के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध, कुशल शिक्षण कार्य एवं अनुसंधान के प्रति सतत् समर्पण की भावना को बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम की समाप्ति पर आगतों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश कुमार ने किया। इस मौके पर और बताया कि इस दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में डॉ. सुनील कुमार मौसम सम्बन्धी कियाकलापों पर व्याख्यान देंगे तो हाइड्रोपोनिक्स पर डॉ. एसके गुप्ता, टिकाऊ खेती पर डॉ. एम. हक देंगे। इस मौके पर डॉ. सुवर्णा राय चौधरी, डॉ. अर्णव चौधरी, डॉ. महेश कुमार, डॉ. मैनक घोष एवं डॉ. शंभू प्रसाद आदि की मौजूदगी रही।

## अलोनी दलित बस्ती में रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर लगा ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### कहा- चुनाव का करेंगे वह बहिष्कार, आजादी के बाद आज तक सड़क नहीं बनी

**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के सरगट्टी पंचायत अलोनी दलित बस्ती वार्ड नंबर 9 में आजादी के सात दशक के बाद भी सड़क नहीं बनने से नाराज आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए वोट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। शत्रुघ्न मांझी रामायण मांझी विजय मांझी संजीत माझी बिगन मांझी दशरथ मांझी योगेंद्र माझी नागेंद्र माझी रामप्रवेश माझी पावधारी देवी शिवपाते देवी तेतरी देवी विद्यावती देवी कौशल्या देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के गांव में एन एच 722 मुख्य सड़क तक जाने के लिए रास्ता नहीं है, इसलिए काफी परेशानी होती है। मुख्य सड़क से गांव की दूरी महज 100 मीटर से भी कमी है, परंतु सरकारी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों के अनदेखी के कारण आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी हमारे गांव में सड़क नहीं बना जिस कारण बरसात के दिनों में पानी लगने के कारण छोटे-छोटे बच्चों के चार महीने की पढ़ाई बंद हो जाती है कोई अगर मरीज बीमार होता है तो खाट के सहारे सड़क पर पहुंचते हैं। शादी विवाह होने पर दूल्हा-दुल्हन को कंधे पर लेकर घर तक पहुंचाते हैं। कई बार सीओ बीडीओ डीएम सहित अन्य पदाधिकारी को आवेदन दी गई। वही जन प्रतिनिधियों से भी कई बार गुहार लगाई गई, परंतु अब तक सड़क नहीं बाद अंतः हम सभी ने चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है।

**गांव में कोई भी सरकारी सुविधा नहीं पहुंची :** सरगट्टी पंचायत के वार्ड नंबर 9 में आज तक कोई भी सरकारी सुविधा नहीं पहुंच पाई नल जल योजना की पाइप नीर निर्मल योजना का लाभ, शौचालय प्रधानमंत्री आवास, आंगनबाड़ी सहित कोई भी योजना नहीं पहुंच पाई है। एक सरकारी चापाकल लगी थी वह भी पिछले कई महीनों से खराब है। भीषण गर्मी में लोग दूसरे जगह से पानी लाकर पीने को विवश है।

## मारपीट में जख्मी युवक की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत

### एफआईआर एवं कार्रवाई नहीं करने पर ग्रामीण शव को लेकर मढ़ौरा थाने पहुंचे

### फर्द बयां मांगा कर शीघ्र एफआईआर एवम कार्रवाई के आश्वासन के बाद शव लेकर गांव गांव गए ग्रामीण




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या दो तकीना में बीते सप्ताह एक युवक पूर्व को मारपीट कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया था। घटना में जख्मी युवक को रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था। इधर जख्मी युवक की इलाज के दौरान रविवार की रात मौत हो गई। जख्मी युवक तकीना निवासी स्व. वीरेन्द्र सिंह का 32 वर्षीय पुत्र सुरेश कुमार बताया गया। युवक की मौत के बाद दर्जनों ग्रामीण और परिजन नाराज होकर युवक के शव के साथ सोमवार की देर संध्या थाना पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे। ग्रामीणों की शिकायत थी कि मारपीट की घटना के बाद पुलिस को जख्मी का फर्द बयान लेने और कार्रवाई के लिए कहा गया था। तब पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नही की इधर जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों की शिकायत थी कि पुलिस का शिकायत दर्ज नही करने के कारण आरोपियों पर कोई कार्रवाई नही हुई और आरोपियों को फरार होने का मौका मिल गया है। हालांकि नाराज लोगों को थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार, एसआई जीतेन्द्र कुमार ने समझाने का लगातार प्रयास करते रहे। बाद में थाना अध्यक्ष के द्वारा प्राथमिकी और कार्रवाई का आश्वासन देने पर लोग शांत हुए और शव के साथ थाना परिसर को खाली

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी की पांचवी बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मोतिहारी।** एल.के.तेजस्वी.चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के 25वीं कार्यकारिणी की पांचवी बैठक होटल विजडम के सभागार में चेंबर अध्यक्ष राजीव विजडम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महासचिव सुनील कुमार श्रीवास्तव ने गत संयुक्त बैठक के कार्यवाही की रिपोर्ट और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष रखी।बैठक में विशिष्ट आमंत्रित सदस्य पूर्व महासचिव सुधीर गुप्ता, सदस्य विद्याव्रत जायसवाल, डाक विभाग के मार्केटिंग एक्सक्यूटिव शुभम पांडे, अमित कुमार और डॉक्टर धनंजय कुमार का अभिनंदन के साथ परिचय कराया गया। चैम्बर का अर्द्ध वार्षिक सभा जो 16 जुन को होना निश्चित हुआ है उसके तैयारी पे विचार किया बुजुर्ग व्यापारी सम्मान के लिए पांच व्यापारी को सम्मानित किया जाएगा। ये प्रस्ताव पारित हुआ तथा लोकसभा चुनाव में जागरूकता अभियान चैंबर पूरे जिले में स्टीकर छपवा के वितरित करेगा गया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार पूर्व अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ,संजय जयसवाल, अनुपम कुमार उपाध्याक्ष अरविन्द श्रॉफ, सह सचिव आलोक कुमार कार्यकारिणी सदस्य अभिमन्यु कुमार, श्याम कुमार, अभिषेक लोहिया, सत्यव्रत जायसवाल, विक्रांत कुमार अभिषेक केडिया, डॉक्टर खुर्शीद अजीज उपस्थित रहे सभा का धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष हेमंत कुमार के द्वारा किया गया तथा राष्ट्गान के साथ सभा समाप्ति की घोषणा किया गया उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सह सचिव आलोक कुमार ने दिया।

## सीबीएससी दसवीं में 85 % अंक प्राप्त की माधोपुर गांव की बेटी वंदना, बनना चाहती हैं सेना में लेफ्टिनेंट



**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र की चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव की बिटिया वंदना कुमारी सीबीएसई के दसवीं कक्षा में 85% अंक लाकर गांव का नाम रौशन किया है।जवाहर नवोदय सिवान की छात्रा वंदना का कहना है कि वह भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन देश की सेवा करना चाहती है।इसके लिए व एनडीए करेगी।वंदना की मां संगीता गृहणी हैं जब कि पिता राधामोहन उपाध्याय नवोदय विद्यालय में ही कार्यरत हैं।परिजनों में खुशी की लहर है।वंदना ने सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों सहित माता पिता व बड़े पापा साहित्यकार बृजमोहन उपाध्याय का आशीर्वाद बताया है।सफलता पर पूर्व मुखिया विजय कुमार उपाध्याय , किसान व समाजसेवी अनिल उपाध्याय ,रामेश्वर गोप ,नरोतम उपाध्याय आदि ने बधाई दी है।

## सामाजिक कार्यकर्ता के माता के निधन पर शोक

**दैनिक खोज खबर/गड़खा(सारण)।** प्रखंड के मिरपुर जुआरा पंचायत के टहल टोला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता झगड़ू राय उर्फ रामजीवन राय के माता रुक्मिणा देवी देवी के निधन के उपरांत शोक सभा का आयोजन किया गया।

श्रीधर बाबा के शिष्य मुरारी स्वामी सहित आसपास के जन प्रतिनिधि, गण्य मान्य लोग उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि समर्पित किया। पूर्व मंत्री सह गड़खा विधायक सुरेन्द्र राम ने कहा मनुष्य के चित्र नहीं चरित्र की पूजा होती है। इसलिए मनुष्य अच्छे काम करना चाहिए। लोगों की भलाई गरीब पिछड़ों की मदद और सहयोग करनी चाहिए। मौके पर राजद उपाध्यक्ष गुड्डू सिंह मुखिया अशोक राय पूर्व मुखिया उपेंद्र प्रसाद, झूलन राय , शिक्षक संजय राय, सत्येंद्र सिंह, वार्ड संघ अध्यक्ष कामेश्वर राय, मिथलेश राय, संतोष राय, पैक्स अध्यक्ष राम लायक राय, सुर्देशन राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### समाजसेवी की पत्नी के निधन पर शोक

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखण्ड के रसूलपुर गांव के निवासी व समाजसेवी उमाकांत कुशवाहा की पत्नी सोनामति देवी (58) का निधन हृदय गति रूक जाने से हो गया। उनके निधन पर एकमा विधान सभा क्षेत्र के विधायक श्रीकांत यादव, मुखिया भूषण साह, मिथिलेश प्रसाद, राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह राठौर, भाजपा नेता ई जयप्रकाश सिंह, अशोक कुमार, इंजीनियर अखिलेश कुमार यादव, रीता देवी, सरपंच चम्पा देवी, अवधेश यादव, अधिवक्ता शशिभूषण त्रिपाठी, वीरेंद्र यादव, अर्जुन सिंह, केके सिंह सेंगर, बिपिन कुमार शर्मा, अनूप कुमार शर्मा, गंगा सागर चौरसिया, संजय कुमार गुप्ता, अनिल कुशवाहा आदि प्रमुख लोगों ने समाजसेवी की पत्नी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

### मारपीट की घटनाओं में पांच लोग घायल

**एकमा (सारण)।** आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मारपीट की हुई अलग-अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में भरहोपुर मठिया गांव के नागेन्द्र साह, दीपक कुमार साह, विष्णुपुरा गांव की अनिता देवी, मदनसाठ गांव की मुन्नी देवी व फलपुरा गांव के मनीष सिंह शामिल हैं।

सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। बताया जाता है कि इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनती हैं तो देश भर में एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिलाएगी: तेजस्वी

### मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का किया अपील



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के वाईडीबीएस कॉलेज के खेल मैदान में सोमवार को महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह के पक्ष में सभा को संबोधित करने पहुंचे बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं वीआईपी पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी ने आकाश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश का संविधान खतरे में है, देश का मालिक जनता होता है। लेकिन आजकल देश के मालिक नेता बन गए हैं। इसीलिए आपके द्वारा चुने गए सांसद, विधायकों को लोग पैसों के दम पर खरीद ले रहे हैं तथा सीबीआई और ईडी भय दिखाकर लोगों को डरा और धमका रहे हैं। अब समय है आप सभी को एकजुट होकर इस संविधान विरोधी सरकार को उखार फेंकने की। इसलिए आप सभी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आकाश सिंह के पक्ष में मतदान कर इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करें। वही पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार केवल मंदिर, मस्जिद और हिंदू-मुस्लिम की बात करती हैं। जबकि हमलोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और बेरोजगारी पर बात करते हैं। मोदी जी देश के महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दों पर बात नहीं करते, उन्हें तो बेरोजगारी का ब, महंगाई का म, स्वास्थ्य का स तक याद नहीं हैं, वे तो केवल जुमला बाजी करते हैं। 34 साल के लड़के ने पूरे बिहार हिला दिया हैं। उस 34 साल के लड़के के लिए मोदी जी एक दिन में तीन-तीन रोड शो कर रहे हैं। भाजपा के पूरे नेता बिहार में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। अमित शाह, नितिन गडकरी, राजनाथ सिंह, सब लोग बिहार में रैली कर रहे हैं। मोदी जी कहते हैं भाईयों और बहनों.

भाइयों को तो रोजगार दे नहीं सके और बहनों का भी हाल मत पूछिए। अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो पूरे देश में एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिलाएगी। बढ़ती महंगाई, रोजगार, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे पर भी काम करेंगी। 1400 के गैस सिलेंडर 500 में दिलाएगी। गरीबों को पांच किलों अनाज के बदले दस किलों अनाज दिलाएगी। मोदी जी 2014 में भी मढ़ौरा आए हुए थे और आज भी छपरा में आए हुए हैं।

2014 में चीनी मिल चालू करने का वादा किए थे क्या चीनी मिल चालू हुआ, नहीं ना हुआ. मोदी जी केवल जुमला बाजी करते हैं। हमारी सरकार बनेगी तो सबसे पहले यह अग्निवीर, ठेका वाले नौकरी को खत्म करेगी। इसीलिए इंडिया गठबंधन को मजबूत करें और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भाई आकाश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान कर इंडिया गठबंधन को मजबूती प्रदान करें। इस दौरान मंच पर इंडिया गठबंधन के महाराजगंज लोकसभा प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह, तरैया के पूर्व विधायक मुंद्रिका प्रसाद राय, मांझी के पूर्व विधायक श्रीकांत यादव, तरैया के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सिपाही लाल महतो, मिथिलेश यादव, तरैया प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, माले नेता सभा राय, राजद अध्यक्ष तारकेश्वर राय, अखिलेश यादव, सुमन पाठक, बीडीसी प्रतिनिधि मुन्ना यादव, समेत महागठबंधन के दर्जनों नेता तथा सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



## मशरक के एक दर्जन गांवों में भाजपा सांसद ने किया जन सम्पर्क, मांगा वोट

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सेमरी,सौनौली, मदारपुर,जजौली, बसोही, दुरगौली समेत एक दर्जन गांवों में महाराजगंज भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर जन सम्पर्क अभियान चलाया। मौके पर प्रखण्ड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहरौली मुखिया अजित सिंह, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू,सोनौली पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष सिंह परमार, सरपंच अजय सिंह,बीडीसी अमित सिंह, शत्रोहन सिंह,बच्चा सिंह, सोनू सिंह, सिपिन सिंह, नागेन्द्र प्रसाद,जयराम पाण्डेय सहित सैकड़ो की संख्या में मतदाता मौजूद रहे। उन्होंने सभी से रिकार्ड वोट देकर उन्हें देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करने अनुरोध किया। वहीं सांसद के प्रयास से जो विकास का काम किया गया उनकी चर्चा की गई। विकास की गति को तेज करने के लिए जो अधूरे काम रह गए हैं उसे पूरा करने के लिए आगामी 25 मई को कमल के फूल छाप पर वोट देने की अपील की गई।




## बैंक ऑफ इण्डिया ने किया किसान संगोष्ठी का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बैंक ऑफ इण्डिया, मढौरा शाखा की ओर से शिल्हौरी पंचायत भवन परिसर में किसान पखवाड़े के तहत किसान संगोष्ठी हुई। बैंक प्रबंधक कृति भारती की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बैंक के सीवान जोनल के अधिकारी अरुण कुमार यादव ने किसानों को बहुउद्देशीय खेती करने की अपील करते हुए बैंक की किसान हितैषी योजनाओं को समझाया। संगोष्ठी में क्षेत्र के किसानों के साथ महिला स्व सहायता समूह के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में आर्थिक विकास के लिए जनभागीदारी की आवश्यकता, वित्तीय शिक्षण, महिला सशक्तिकरण, जैविक खेती को बढ़ावा, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, किसान न्याय योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, योजनाबद्ध कृषि विकास के लिए बैंकों द्वारा आवश्यक लघु एवं दीर्घकालीन वित्त पोषण के बारे में जानकारी दी गई।बैठक में मुख्य रूप से शाखा प्रबंधक कृति भारती के अलावे बैंक अधिकारी गोपाल शंकर बैंक कर्मी जगरनाथ प्रसाद, रवि कुमार, सीएसपी संचालक चंदन प्रसाद, कुलदीप कुमार,विकास पांडेय, मिथुन कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## बदला मौसम का मिजाज, तेज आंधी-तूफान और बारिश से भारी क्षति

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की दोपहर अचानक काले बादल और बारिश के साथ आई तेज आंधी ने जबरदस्त क्षति पहुंचाई। आधे घंटे के लिए अचानक आए बदलाव की वजह से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सीएचसी परिसर में विशालकाय नीम का पेड़ ,चरिहारा गांव में मुख्य सड़क पर नीम पेड़ , विशालकाय पीपल पेड़ और चरिहारा में ही महुआ का पेड़ मकान पर गिर पड़ा। मेला बाजार में सब्जी दुकान और चाय समोसा की दुकान के उपर ही पेड़ गिर पड़ा जिसमें दुकान के अंदर बैठें लोग मामूली रूप से घायल हो गए। आंधी-तूफान के साथ हो रही तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत तो जरूर मिली है, लेकिन आंधी तूफान से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अलग-अलग गांवों में विधुत के पोलो पर पेड़ गिर पड़ा जिससे इलाके की विधुत आपूर्ति ठप्प हो गई।




## बाल विवाह रोकथाम को मंदिरों में चला विशेष जागरूकता अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बाल विवाह के रोकथाम हेतु बाल विवाह निषेध कार्यकर्ता के द्वारा सोमवार को मशरक के थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर, सिदधात्री मंदिर, महावीर मंदिर,दुमदुमा शिव मंदिर, पकड़ी दुर्गा मंदिर,डुमरसन हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष अभियान चलाया गया। वहीं बाल विवाह के रोकथाम को लेकर मंदिर के परिसर में पोस्टर लगाया गया। मौके पर अखिलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बाल विवाह सभ्य समाज के लिए अभिशाप हैं इसके रोकथाम के लिए बड़े स्तर पर कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मौके पुजारी टुन्ना बाबा ने कहा कि 18 वर्ष के उम्र के लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन जुर्म है।इसके खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर में आए सभी भक्तों को जागरूक किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि समाज सजग हो जाए तो बाल विवाह से समाज मुक्त हो जाएगा। इस दौरान मंदिरों में पूजा-अर्चना करने आए भक्तों के बीच पोस्टर के माध्यम से बाल विवाह कानून के बारे में जागरूक किया गया। मौके पर नीरज मिश्रा,रंजन कुमार सिंह,देवती देवी समेत अन्य मौजूद रहें।

### दुकानदार से मारपीट में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के डुमरसन नहर के पास कबाड़ की दुकानदार से मारपीट में 3 शख्स घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायलों में सिवान जिले के लकड़ी नवीगंज के जगतपुर बंगरा गांव निवासी शेर मोहम्मद का 45 वर्षीय पुत्र जलालुद्दीन मंसूरी ,जलालुद्दीन मंसूरी क 40 वर्षीय पत्नी सायदा बीबी और 13 वर्षीय पुत्र फ्रान आलम शामिल है। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार किया सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना का विवाद आपसी विवाद बताया गया। घायल पूरा परिवार डुमरसन नहर के पास कबाड़ की दुकान चलाता है।

### अयोध्या पैदल जा रहें दो शख्स का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र के धनौती पूरब टोला गांव से दो शख्स पैदल अयोध्या? धाम के लिए निकले हैं जिनका सोमवार को मशरक के राम-जानकी शिव मंदिर परिसर में स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में पुजेरी टुन्ना बाबा ने नीरज मिश्रा,अशोक तिवारी की मौजूदगी में दोनो राम भक्तों का स्वागत किया और उन्हें प्रसाद खिलाकर आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। धनौती पूरब टोला गांव निवासी उदय प्रताप तिवारी और दीनानाथ तिवारी ने कहा कि उन्हें भगवान राम का बुलावा मिलते ही वे पैदल ही अयोध्या के लिए रवाना हो गए हैं। वहीं धनौती पूरब टोला गांव में हनुमान मंदिर परिसर से ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर उनके कठिन यात्रा को सरल बनाने के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना की। शैलेन्द्र तिवारी, धर्मदेव तिवारी, श्यामदेव तिवारी,शैलेश तिवारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# जलयात्रा के साथ श्री काली महायज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)।** थाना क्षेत्र के अठडिला चैनवा स्थित माँ काली स्थान के प्रांगण में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित होनेवाले 5 दिवसीय श्री काली महायज्ञ सह प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया।सैकड़ों की संख्या में पुरूष व महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।माँ कुंडेश्वरी भवानी स्थित पोखरे से श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल उठाया और पुनः यज्ञस्थल पहुंचकर कलश को स्थापित किया।यज्ञ को लेकर लोगों में खास उत्साह था।जलयात्रा व मंडप प्रवेश के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हो गया।यज्ञ के यजमान रूपचंद शर्मा उर्फ भोला मिस्त्री ने बताया कि आचार्य पं0 श्री लक्ष्मी निधि मिश्र के निर्देशन में यज्ञ का आयोजन किया गया है वहीं यज्ञब्रह्मा पं0 गोलु पांडेय हैं।महायज्ञ के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पं0 श्री चन्द्रभान द्विवेदी उर्फ केन बाबा प्रवचन के माध्यम से अमृतवर्षा करेंगे, 17 मई शुक्रवार को वेदी पूजन,प्राण प्रतिष्ठा व हवन पूर्णाहूति के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा।कलश यात्रा को शांतिपूर्ण सफल बनाने में जिला पार्षद प्रतिनिधि भीम सिंह, मंचन शर्मा ,राहुल बाबा,लालबाबू शर्मा,बड़े शर्मा, राजी सिंह,तारकेश्वर यादव,संजय शर्मा,सुदामा प्रसाद,मंटू पासवान,निर्मल सिंह,मोनीष यादव,बाबू धनंजय पांडेय,नागा बाबा,आदि लोगों का सराहनीय प्रयास रहा।



## आपसी विवाद में मारपीट में दुकानदार घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के यदु मोड़ पर दुकानदार के द्वारा सामान सस्ता बेचने के विवाद में बगल के दुकानदार के द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है जिसमें दुकानदार घायल हो गया वहीं बचाने आई मां भी घायल हो गयी। घायल का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायल यदु मोड़ निवासी स्व कामेश्वर प्रसाद का 28 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार और मां 48 वर्षीय पार्वती कुंवर हैं। मामले में थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। घायल दुकानदार ने बताया कि ग्राहक को सस्ती रेट पर सामान देने पर बगल के दुकानदार के द्वारा विरोध करते हुए मारपीट की जानें लगीं जिसमें बचाव में आई मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया वही गल्ले से 80 हजार रुपए नगदी समेत अन्य सामान निकाल कर चलें गये।

## जमीनी विवाद में जमकर मारपीट में चार घायल

**दैनिक खोज खबर (मशरक)।** मशरक के हरपुरजान गांव में जमीनी विवाद में जमकर मारपीट में 4 शख्स घायल हो गए। घायल का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायल हरपुरजान गांव निवासी अमीर मिया का 40 वर्षीय पुत्र गयासुद्दीन,अमीर मिया का दो पुत्र 30 वर्षीय तमन्ना आलम और 25 वर्षीय रिजवान आलम तथा तमन्ना आलम की 25 वर्षीय पत्नी रूबी प्रवीण हैं। घायलों ने बताया कि बकाया रूपये के लेन देन में मारपीट हो गई।

# पटना से अपहृत युवक को मोतिहारी से आंदर थाना की पुलिस ने किया बरामद

## फनहारा निवासी मनीष यादव एवं राजकुमार गिरफ्तार

**परवेज़ अख्तर/सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र के जयजोरी निवासी विक्की सिंह का अपहरण 11 मई को पटना पासपोर्ट कार्यालय से बदमाशों ने कर लिया था। अपहरण की सूचना मिलते ही आंदर थानाध्यक्ष पप्पन कुमार पुलिस बल के साथ मोतिहारी पहुंचकर मुर्गी फार्म हाउस से युवक को सकुशल बरामद कर लिया है।साथ ही दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर आंदर थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी है।इस संबंध अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि 11 मई की देर शाम अपहृत विक्की सिंह की पत्नी निधि देवी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि मेरे पति नौ मई को पासपोर्ट बनवाने के लिए पटना गए हुए थे। जब शाम को करीब आठ बजे उनकी मोबाइल पर फोन की तो उन्होंने बताया कि रास्ते में हूं। पटना पहुंचने वाला हूं। इसके बाद मैं दोबारा 11 मई को मोबाइल फोन की तो मेरे पति के फोन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने रिसीव कर बोला कि बोला कि तुम्हारे पति का अपहरण कर लिया गया है। 17 लाख रुपया लेकर आओ और अपने पति को लेकर जाओ। कुछ देर बाद अज्ञात बदमाशों द्वारा मेरे पति से बात कराई गई।वहीं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि गुप्त सूचना पर पुलिस मोतिहारी पहुंच दो बदमाशों को गिरफ्तार कर ली है।गिरफ्तार बदमाशों की पहचान मोतिहारी के फनहारा थाना के फनहारा निवासी मनीष यादव एवं राजकुमार के रूप में हुई है। कोर्ट में 164 का बयान कराने के बाद युवक को स्वजनों को सौंप दिया जाएगा।

### संत के बिना नहीं मिलते भगवंत – स्वामी रामस्वरूपाचार्य

**गुठनी (सिवान)** – दरौली प्रखंड के सिद्ध गुफा चकरी योगाश्रम पर चल रहे पंचकुंडीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के पांचवें दिन पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। वैदिक मंत्रोच्चारण व जयकारे से समूचा वातावरण भक्तिमय बना रहा। चित्रकूट से पधारे कामदगिरि पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी राम स्वरूपाचार्य महाराज नें प्रवचन के दौरान कहा कि संत के बिना भगवान का मिलना असंभव है। संत परमात्मा के प्रतिनिधि हैं। श्रीरामचरितमानस के अनुसार भगवान श्रीराम का जन्म भले ही चक्रवर्ती महाराज दशरथ और कौशल्या के यहां हुआ है, लेकिन उनके जन्म का पूरा श्रेय संत को ही जाता है। कहा कि आज भी जिनको भगवान के दर्शन की ललक हो, प्यास हो वे लोग संतों के चरण शरण में जाएं। क्योंकि संतों की कृपा से ही भगवान की कृपा संभव हैं। इस मौके पर पर यज्ञकर्ता महंत रघुनाथ दास, महंत प्रेम दास महाराज, महंत राघव दास महाराज, रामदास महाराज, श्यामसुंदर दास महाराज, यज्ञाचार्य सह संपूर्णनंद विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक व वेदांत विभाग के विभागाध्यक्ष पं. सुधाकर मिश, डा. विश्वेश्वर मिश्र, राकेश भार्गव, नीरज पांडेय, कृष्णनंद भट्ट समेत काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मेंहदार में पुजारी एवं फुल व्यवसायियों के बीच मारपीट में दोनों पक्ष के एक दर्जन से अधिक घायल

**सिसवन (सिवान)** – प्रखंड के ऐतिहासिक बाबा महेंद्रानाथ मंदिर में सोमवार को मंदिर के पुजारियों एवं फूल व्यवसायियों के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इसमें कई लोग घायल हो गएय। इस मारपीट का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। वीडियो में दोनों पक्ष एक दूसरे पर लाठी-डंडों से प्रहार करते दिख रहे हैं। वीडियो के बारे में स्थानीय लोग बताते हैं कि यह प्रसारित वीडियो सोमवार का है जब मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ थी उसी दौरान पूर्व के किसी विवाद को लेकर पुजारी एवं फुल व्यवसायी आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्ष में मारपीट होने लगी। एक- दूसरे पर लाठी-डंडों से प्रहार होने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच चले लाठी डांटे के प्रहार से मंदिर परिसर में करीब आधा घंटा तक अफरा तफरी मची रही। घटना में श्याम माली, द्वारिका माली, पंकज माली, चंद्रिका माली, बंटी माली, उपेंद्र माली, राजकुमार माली, प्रकाश माली, गणेश माली, नवीन उपाध्याय, शेषनाथ उपाध्याय सहित दोनों पक्षों से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज सिसवन के रेफरल अस्पताल में कराया गया।

### घर पर बदमाशों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचे दंपती

**दारौंदा (सिवान)** – थाना क्षेत्र के धनौती में रविवार की रात एक घर पर बाइक पर सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की। इस घटना में पति-पत्नी दोनों बाल-बाल बच गए। इस मामले में धनौती निवासी त्रिलोकी सिंह ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि 12 मई की रात करीब 10.40 बजे एक बाइक पर सवार दो युवकों ने घर के समीप पहुंच फायरिंग करना शुरू किए। इस घटना में हम पत्नी-पत्नी बाल-बाल बच गए। इसके बाद दोनों बदमाश दक्षिण दिशा की ओर फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। समाचार प्रेषण तक बदमाशों ने की राउंड फायरिंग की इसकी जानकानी नहीं हो सकी है।

### विक्की ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड मे 92.6%अंक प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय व परिजनों का मान

**पचरुखी(सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के जसौली पक्षिम टोला निवासी पत्रकार रमेश कुमार सिंह के पुत्र विक्की कुमार को सीबीएसई दसवीं कि परीक्षा मे 92.6%अंक प्राप्त हुए हैं, इस प्रकार उसने अपने विद्यालय सहित अपने माता-पिता,शिक्षक,परिजनों, गांव व प्रखंड का नाम रोशन किया हैं। विक्की ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता- रमेश कुमार सिंह,माता-सुनीता देवी,दादा-रामायण सिंह

दादी-मंगलावती देवी सहित अपने तमाम स्कूल व ट्यूशन के शिक्षकों को दिया।विक्की का लक्ष्य आइएएस बनकर देश कि सेवा करना हैं। विक्की ने वर्ग सात से दसवीं तक कि शिक्षा डीएवी सिंटेनरी पब्लिक स्कूल कंधवारा, सीवान से प्राप्त की हैं। इसके पूर्व उसने गोपालपुर स्थित एस जी एस पब्लिक स्कूक मे वर्ग सातवीं तक की शिक्षा हासिल की हैं।

### दस हजार नगदी सहित एक लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख

**सिसवन (सिवान)** – थाना क्षेत्र के कचनार गांव में रविवार की रात शार्ट सर्किट से एक दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गए। बताया जाता है कि दुकान मालिक हसन अली रविवार की रात अपनी दुकान को बंद कर घर आ गए थे। इसी बीच देर रात को दुकान से आग की लपटे उठने लगी। अचानक आग की लपटें देख आसपास के घरों के लोगों में खलबली मच गई। लोगों ने तुरंत दुकान मालिक को फोन से इसकी सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान से आग की लपटे उठ रही थी। स्थानीय लोगों की मदद से एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखा इलेक्ट्रिकल सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। दुकान मालिक ने बताया कि दुकान मे रखा दो लैपटाप, दो प्रिंटर, एक लेमिनेशन मशीन, चार बंडल तार, सौ बल्ब, मोबाइल कवर एवं दस हजार नकद सहित अन्य सामान जलकर पूरी तरह रख हो गए। इस संबंध में उन्होंने थाने में आवेदन दिया है।

### हर घर मतदान पर्ची वितरण में जुटे बीएलओ

**भगवानपुर हाट (सिवान)** – महाराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में छठे चरण में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रखंड क्षेत्र में प्रशासनिक सरगर्मी बढ़ गई है। गांवों में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता पर्ची एवं मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण आरंभ कर दिया गया है। बीडीओ कुमार विशाल ने बताया कि मतदाता पर्ची वितरण कार्य बीएलओ द्वारा डोर टू डोर किया जा रहा है। साथ ही इस कार्य का अनुश्रवण एवं निगरानी की जा रही है। गौरतलब हो कि शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सेक्टर पदाधिकारियों एवं बीएलओ की बैठक की गई थी। इसमें मतदाता पर्ची, मतदाता मार्गदर्शिका वितरण एवं वितरण पंजी में रिसीविंग प्राप्त करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

### हथियार का भय दिखा सीएसपी संचालक से दो लाख रुपये की लूट

**सिवान।** जामो बाजार थाना क्षेत्र के छतीसी और बलडीहां के समीप सोमवार को करीब 11 बजे बाइक सवार दो बदमाशों हथियार का भय दिखाकर संचालक से दो लाख रुपये लूट ली और फरार हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत व भय का माहौल है।

बताया जाता है कि बाला निवासी देवानंद यादव बाला बाजार में सेंट्रल बैंक का सीएसपी केंद्र संचालित करते हैं। वे सोमवार को मुसहरी बाजार स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा से दो लाख रुपये निकासी कर बाइक से अपना सीएसपी केंद्र लौट रहे थे तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने छतीसी और बलडीहां के समीप ओवरटेक कर रोका तथा हथियार का भय दिखाकर मुझसे दो लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। संचालक ने बताया कि घटना की सूचना जामो थाना को दी गई। थाना को दो बार सूचना देने के बावजूद पुलिस सक्रिय नहीं हुई, तब इसकी सूचना एसपी को दी गई। एसपी के निर्देश के बाद सक्रिय हुई पुलिस टीम पहुंची तथा घटना की जानकारी ली। इसके बाद में मुसहरी बाजार स्थित बैंक की शाखा में पहुंच सीसी कैमरे का फुटेज की भी जांच की। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि इस मामले में विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वैश्य के बारी गांव में आग लगी में झोपड़ी सहित चार बकरी झुलसे मौत

**रघुनाथपुर (सिवान)** – स्थानीय थानाक्षेत्र के वैश्य के बारी में सोमवार को दो पहर में श्री राम बिन की झोपड़ी में लगी आग से इस दौरान चार झोपड़ी जल कर राख हो गई है।इसमें झोपड़ी में बांधी गई चार बकरी झुलसने से मौत हो गई। आग की घटना का पता नही चल सका है। आग की घटना के संबन्धन में पीड़ित स्वजन द्वारा बताया गया कि सोमवार को दोपहर में झोपड़ी में अचानक आग पड़की तेज हवा के आग की आस पास जाने की लोगों का हिम्मत नही किया। मगर ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाई गई।जब तक आग पर काबू पाई गई ।तब तक झोपड़ी में बांधी गई चार बकरी गंभीर रूप झुलसने से उसकी मौत हो गई।वही आग लगी में करीब दो लाख रुपये की नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है ।इस आग लगी में अनाज, कपड़ा, नगद 50 हजार रुपये सहित अन्य समान जल कर राख हो गई। आग पर काबू पाने के बाद अग्निशमन की गाड़ी पहुँचे।समाचार प्रेषण तक कोई सरकारी सहायता उपलब्ध नही हो पाई। वही पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे अपना जीवन यापन करने के लिए मजबूर हो गया है।इस संबंध अंचलाधिकारी प्रत्यक्ष कुमार ने बताया की मामला संज्ञान में है। हल्का कर्मचारी को आग की घटना में नुक्साक की प्राडताल की जांच का आदेश दी गई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट एक जख्मी, चार पर प्राथमिकी

**हुसैनगंज(सिवान)** – थाना क्षेत्र के पैगम्बर पुर से पड़ोसियों द्वारा रात में चोरी छिपे जमीन पर नीवं खोदने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में पीड़ित ने आवेदन देते हुए कहा है कि 11 मई की रात जब खाना खाकर अपनी ज़मीन की ओर टहल रहा था। तब देखा कि मेरे पड़ोसी जगलाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा एवं सराय थाना के विजयहाता निवासी सुखल शर्मा मेरी जमीन में चोरी से नींव खोद रहे हैं। जब मैंने इसका विरोध किया तो सभी मिलकर मारपीट करने लगे।जिससे मेरे छाती के हड्डी टूट गई है। तथा हांथ,सिर में भी गम्भीर चोटें आई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि सभी आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

### दो शराबी गिरफ्तार, जेल

**हुसैनगंज(सिवान)** – थाना क्षेत्र विभिन्न क्षेत्रों से 112 की पुलिस टीम में रविवार की शाम शराब पीने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा सोमवार को आगे की कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि शराब पीने के दोषी पाए गए जुड़कन निवासी कृष्ण कुमार पासवान एवं फाजिलपुर निवासी रमेश राम को सोमवार के दिन जेल भेजा गया।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्ष ने कराई प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** – थाना क्षेत्र के सहसराव गांव में रविवार को भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि एक पक्ष के हरेंद्र ठाकुर के आवेदन पर दूधनाथ ठाकुर, शिवजी ठाकुर , रामेश्वर ठाकुर सहित सात लोगो को आरोपित किया गया है, वहीं दूसरे पक्ष के दूधनाथ ठाकुर के आवेदन पर हरेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर भरत महतो, आलोक साह सहित 11 लोगों को आरोपित किया गया है।

### आज सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बाधित रहेगी बिजली

**महाराजगंज (सिवान)** – बिजली तार एवं पोल की मेंटेनेंस को ले मंगलवार को बिजली आपूर्ति 10 बजे से 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता आशीष रंजन ने बताया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मेंटेनेंस का कार्य मंगलवार को होगा।

### मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने कराई प्राथमिकी

**हसनपुरा (सिवान)** – एम एच नगर थाना क्षेत्र के तेलकथु में दो पक्षों के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों ने प्राथमिकी कराई है। इसमें एक पक्ष से रजिया खातून ने दो महिला सहित कुल आठ लोगों को आरोपित की है, वहीं दूसरे पक्ष से अफसाना खातून ने भी दो महिला समेत कुल आठ के खिलाफ प्राथमिकी कराई है।

### भूमि विवाद में मारपीट मामले में 20 नामजद

**बसंतपुर (सिवान)** – थाना क्षेत्र के करही खुर्द में पूर्व जमीन विवाद को लेकर 11 मई को मारपीट हो गई थी। इस मामले में दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। एक पक्ष के मोती चंद राय के पुत्र राजेश कुमार के आवेदन पर बालेश्वर राय, उपेंद्र राय, भुनेश्वर राय सहित 10 लोगों को आरोपित किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के पक्ष के पैक्स अध्यक्ष बालेश्वर राय ने के आवेदन पर अवधकिशोर राय, आशीष राय, मोतीचंद राय सहित दस लोगों को आरोपित किया गया है।

### दारौंदा में मतदाता पर्ची वितरण के साथ चला मतदाता जागरुकता अभियान

**दारौंदा (सिवान)** – प्रखंड के विभिन्न गांवों में स्वीप कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता पर्ची वितरण एवं मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। साथ ही मतदाताओं को वोट के महत्व की जानकारी देते हुए 25 मई को मतदान के लिए जागरूक किया गया। वहीं बीएलओ एवं कर्मियों ने शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

